**संख्या-13-3091/86-2014-259/2013**

प्रेषक,

गेन्दन लाल ,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूत्तव एवं खनिकर्म, उ0प्र0,
लखनऊ।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 15 अक्टूबर, 2014

विषय- भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय के अन्तर्गत खनिज मोहर्रिर/खनिज लिपिक के 25 पदों के सृजन के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1788/ई0-1019/2014, दिनांक 14;10;2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, के अन्तर्गत खनिज मोहर्रिर/खजिन लिपिक के 25 अस्थायी पद, पे बैण्ड-1 रू0 5200-20200, ग्रेड-पे रू0 1900 में तात्कालिक प्रभाव से सृजित किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते है।

2. उक्त अस्थायी पद दिनांक 28-02-2015 तक के लिये सृजित किया जाता है, यदि इसके पूर्व यह पद बिना किसी सूचना के पहले ही समाप्त न कर दिया जाये। इन अस्थायी पदों की निरन्तरता आवश्यकतानुसार समय-समय पर बढाई जायेगी।

3. उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-4 के लेखाशीर्षक "2853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उयोग-आयोजनेत्तर-02-खानों का विनियमन तथा विकास-001 निदेशन तथा प्रशासन-03, खनन प्रशासन की योजना" के अन्तर्गत संगत मानक मद के नामें डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 पत्र संख्या-ई-6-573/दस-2014, दिनांक 15-10-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव

**संख्या-3091(1)/86-2014 तददिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- निदेशक, वित्तीय एंव सांख्यिकीय, निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त(वे0आ0)-1/2
5- इन्टरनेट पर अपलोड हेतु।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in